# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

जन मन की आवाज



सम्पर्क

ई पेपर मे खबरें व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 | अंक-287 | सागवाड़ा, शनिवार, 9 जुलाई, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# सीएम गहलोत ने जीएसटी मुआवजे के 5000 करोड़ रुपये की बकाया राशि एकमुश्त जारी करने की मांग की

## गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुई उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में राजस्थान से जुड़े विभिन्न मुद्दों को रखने के साथ राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नवाचारों से अवगत कराया। अपने संबोधन में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड में राजस्थान से एक अतिरिक्त पूर्णकालिक सदस्य के पद सृजित करने की मांग की।

जल जीवन मिशन के वित्त पोषण में बदलाव करने, पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कर 13 जिलों को लाभांवित करने और जनता की कड़ी मेहतन की कमाई को लूटने वाली मल्टीस्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग रखी। साथ ही राज्य में क्रियाशील 56 पॉक्सो कोर्ट के जरिए त्वरित न्याय व्यवस्था, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना, आई.एम. शक्ति उड़ान योजना सहित अन्य योजनाओं और नवाचारों के बारे में जानकारी दी। अंतरण (डीबीटी) को प्रभावी तरीके से लागू करने की बात रखी। राज्य में जनाधार पोर्टल के जरिए 1 जुलाई 2022 तक लगभग 116 करोड़ ट्रांजेक्शन से लगभग 56 हजार करोड़ रूपये (संचयी रूप से) के प्रत्यक्ष लाभ तथा वर्ष 2022 के 5 माह में लगभग 6000 करोड़ रूपये के प्रत्यक्ष नकद लाभ हस्तांतरित किए गए हैं। बैंक शाखाओं से वंचित 2908 गांवों में बैंक शाखाएं अथवा डाकघर के द्वारा बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जाए। राजस्थान में राज्य निधि से वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर 500 आबादी तक के सभी गांवों को सड़कों से जोड़ने का कार्य शुरू कर 535 गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को वर्ष 2001 की बजाय 2011 की जनगणना के अनुसार लागू करना चाहिए। गहलोत ने बताया कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए राजस्थान में तेजी से कार्य किया जा रहा है।




राज्य में फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट योजना से पूर्व ही 56 पॉक्सो कोर्ट संचालित थे। पॉक्सो प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए 60 स्पेशल कोर्ट क्रियाशील है। अपराध नियंत्रण एवं परिवादी को न्याय दिलाने के लिए पुलिस थानों में स्वागत कक्ष स्थापित किए गए।

राजस्थान में भौगोलिक चुनौतियों से जल जीवन मिशन (जेजेएम) में हर घर तक नल से जल पहुंचाने में अधिक समय लग रहा है। मिशन की समय-सीमा 31 मार्च 2026 की जाए और योजनाओं के क्रियान्वयन में वित्त पोषण पैटर्न को 90:10 किया जाना चाहिए।

पात्र प्रदेशवासियों को खाद्य सुरक्षा का लाभ दिलाने के लिए बात रखी। वर्ष 2021 की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर सीलिंग पुनः निर्धारित कर राज्य के लिए लाभार्थियों की वितरण सीमा 4.46 करोड़ से बढ़ाकर 5.24 करोड़ करनी चाहिए। जीएसटी क्षतिपूर्ति की अवधि जून 2022 से बढ़ाकर जून 2027 तक करने के लिए कहा। साथ ही वर्ष 2017-18 से मई 2022 तक राजस्थान को देय जीएसटी मुआवजे के लगभग 5000 करोड़ रूपये की बकाया राशि एकमुश्त जारी करने की मांग रखी।

राज्य में जल संबंधित मुद्दों के समाधान की आवश्यकता बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करें। ईआरसीपी 37,247 करोड़ रूपये की महत्वाकांक्षी परियोजना है, इससे राज्य के 13 जिले लाभांवित होंगे। प्रधानमंत्री ने भी विभिन्न अवसरों पर इस परियोजना के लिए सकारात्मक रूख रखने का वादा किया था। मल्टीस्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटियों ने धोखाधड़ी से राज्य के लाखों लोगों की मेहनत की कमाई का गबन किया है।

इन पर सख्त कार्रवाई कर लोगों को राहत प्रदान की जाए। राजस्थान की तरह केंद्र को भी मल्टीस्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटियों का पंजीयन निषेध करना चाहिए। बैठक में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नवाचारों के बारे में जानकारी दी। राज्य सरकार प्रदेशवासियों को निशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कर राहत प्रदान कर रही है।

# सुराता पंचायत के नयागांव में पैंथर का आतंक, पिछले दिनों में कई मवेशियो का किया शिकार

## दहशत में जीने को मजबूर ग्रामीण

**सीमलवाड़ा ।** डूंगरपुर जिले के सुराता पंचायत के नयागाँव में पैंथर के आतंक से भयभीत ग्रामीण डूंगरपुर जिला मुख्यालय पहुंचे। जहा पर ग्रामीणों ने वन विभाग के कार्यालय में उपवन संरक्षक को ज्ञापन देकर पैंथर को रेस्क्यू करते हुए ग्रामीणों और उनके पशुधन को सुरक्षा देने की मांग की है। डूंगरपुर जिले की झोथरी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सुराता पंचायत के नयागांव में इन दिनों पैंथर के आतंक से ग्रामीण दहशत में है। आये दिन मवेशियो के शिकार से परेशान नयागांव के ग्रामीण सुराता सरपंच महिपाल रोत के नेतृत्व में डूंगरपुर जिला मुख्यालय पहुंचे। जहा पर ग्रामीणों ने डूंगरपुर वन विभाग कार्यालय में उपवन संरक्षक को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया की नयागांव में जंगली जानवरों के चलते दिन रात ग्रामीणों में भय का माहोल बना हुआ है। गाँव के पास कई माइंस है जहा पर पैंथर व अन्य जंगली जानवरों ने अपने ठिकाना बना लिया है। आये दिन पैंथर व अन्य जंगली जानवर ग्रामीणों के मवेशियो को अपना शिकार बना रहे है। ग्रामीणों ने बताया की पिछले दिनों में पैंथर व जंगली जानवरों ने 2 बैल, 2 गाय और 16 बकरियों का शिकार किया है। जिससे ग्रामीणों के पशुधन सुरक्षित नहीं है वही पैंथर व जंगली जानवरो द्वारा आमजन पर भी हमले की संभावना बनी रहती है जिससे उनका व उनके पशुधन का जीवन भी खतरे में है। ऐसे में ग्रामीणों ने वन विभाग के उपवन संरक्षक से पैंथर को रेस्क्यू करते हुए ग्रामीणों व उनके पशुधन को सुरक्षा दिए जाने की मांग की है।





# गामड़ा ब्राह्मणिया स्कूल में पौध रोपण हुआ

**ओबरी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गामड़ा ब्राह्मणिया में पीटीए, एसडीएमसी तथा एसएमसी की हरियालो राजस्थान के तहत सयुक्त बैठक मानजी भाई पाटीदार के मुख्यातिथ्य जगदीश जोशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। विशिष्ट अतिथि दीपसिंह चौहान, शांतिलाल पाटीदार, चंदनसिंह चौहान, देवीलालजोशी, नाथूलाल पाटीदार, मनोहरलाल जोशी, धनेश्वर प्रजापत एवं दशरथसिंह थे। संस्थाप्रधान कुन्दन पाटीदार ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने वृक्ष पूजन कर रोपण कर पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण को आवश्यक बताया। संचालन वृक्षारोपण प्रभारी वशाशि हरिशचन्द्र पाटीदार ने किया तथा आभार नटवरलाल उपाध्याय ने व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक अभिभावक संघ के चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर मनोहरलाल जोशी तथा उपाध्यक्ष धनेश्वर प्रजापत को मनोनित किया गया। देवीसिंह चौहान, कांतिशंकर उपाध्याय, शेलेन्द्र पाटीदार को सदस्य बनाया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष जोशी ने विद्यालय को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# पंडया दुसरी बार बनी विफा जिला सागवाडा की महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष



**सागवाड़ा।** विप्र फाउंडेशन जिला सागवाड़ा महिला प्रकोष्ठ की जुझारू कर्मठ और सदैव समस्त ब्राह्मण समाज में सेवा प्रकल्प में संलग्न रेखा पंड्या निवासी आसपुर को विप्र फाउंडेशन जोन 1 प्रदेश अध्यक्ष के.के शर्मा व महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति के निर्देशन मे एवं जिलाध्यक्ष विफा सागवाडा प्रकाश व्यास की अनुशंसा पर सत्र 2022 -2024 के लिए महिला प्रकोष्ठ जिला सागवाड़ा की जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया।पंड्या पुर्व में भी अध्यक्ष पद पर मनोनीत रह चुकी है।विफा के सदस्यों को पंड्या से उम्मीद है कि उनकी कार्यशैली और समाज मे गहरी पैठ विप्र समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। उनकी पुनः नियुक्ति पर विफा सागवाडा जिले से मुख्य संरक्षक तेजप्रकाश जोशी प्रदेश कार्यकारिणी के हितेश रावल सरोदा देवीलाल फलोत बर्बोदनिया अनिता पंडया भीलूड़ा पवित्रा जोशी कोकापुर जय श्री पाठक भीलूड़ा सीमा जोशी दिवडा छोटा कविता व्यास पादरड़ी बड़ी डॉक्टर विमलेश पंडया महामन्त्री प्रदीप गामोठ गोवाड़ी इकाई अध्यक्ष विमलकांत भट्ट नगर अध्यक्ष विनय शुक्ला मीडिया प्रकोष्ठ जिला संयोजक अखिलेश पंडया जिला सचिव धीरज मेहता युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा महामन्त्री धवल जोशी अरविंद पंडया प्रकाश उपाध्याय पिंडावल कतीसोर लक्ष्य राज शर्मा चिराग मेहता हर्षद ठाकोर चितरी कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सुभाष माल अशोक गुणावत आसपुर।

# गोगृह में सांसद मद से 20 लाख रु देने पर कुंवर हर्षवर्धन सिंह का किया अभिनंदन

**सागवाड़ा।** श्री श्री उत्तम गोपाल कृष्ण गौशाला समिति आरा सागवाड़ा में गोगृह में सांसद मद से 20 लाख रु देने पर गौशाला समिति के सदस्यो ने राज्य सभा सांसद कुंवर हर्षवर्धन सिंह का डूंगरपुर स्थित निवास उदय विलास पैलेस पर पहुंच कर स्वागत अभिनन्दन किया। नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, तहसीलदार डा मयूर शर्मा, नायब तहसीलदार शैलेश गोस्वामी, समिति के अध्यक्ष ललित पंचाल, कोषाध्यक्ष मोहन मेहता,भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट, उप प्रधान नरेश पाटीदार, भगु भाई परमार, उपसरपंच अमरजी पाटीदार ने साफा पहना कर सांसद का बहुमान किया।समिति के उपाध्यक्ष हंसमुख पटेल,सह सचिव दिनेश गुप्ता, मिडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह ओड़ा बनकोड़ा, भरत कलाल, के पी सिंह चिखली, जितेंद्र सिंह घोड़ापला, गोरक्षक अजय बुझ, आयुष जोशी, रितिक सोनी, जिग्नेश यादव तथा दिपक परमार ने शाल ओढ़ा कर उनका अभिनन्दन किया। जिला गौसेवा समिति के अध्यक्ष विनोद पंचाल, सचिव ऋषि दवे नरेश भट्ट, नीरज शर्मा, कल्पेश सुथार, मोहनलाल पंचाल, विनय पुंजोत, हेमेंद्र सिंह चौहान, पंकज जैन आंतरी, जयप्रकाश पंचाल आंतरी, कर्मवीर सिंह राठौड़ तथा यशपाल सिंह पंवार ने उपरना ओढ़ा कर स्वागत किया। जिला गौ सेवा समिति की सक्रिय सदस्य गौ भक्त शीतल पंड्या ने बुके भेट कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान गोभक्त प्रहलाद जोशी, रविंद्र सुथार, ओमप्रकाश सुथार,नकुल गोगरोत, अजय गोविन्द माली, अजय नारायण माली,जिग्नेश यादव, लोकेश ननोमा, गिरीश भुज, हेमंत मोची, रजत सुथार आदि उपस्थित रहे।



# दीवडा बडा के युवाओं ने गुप्ता का किया अभिनन्दन

**डूंगरपुर।** सागवाडा विधानसभा अन्तर्गत गांव दीवड़ा बडा के युवाओं ने शनिवार को भाजपा प्रदेश स्वच्छ भारत मिशन संयोजक तथा पूर्व सभापति केके गुप्ता का अभिनन्दन किया। श्री गुप्ता ने युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी से स्वच्छता, वर्षा जल संग्रहण करने तथा विधानसभा क्षेत्र को हरा भरा बनाने के लिए अधिकाधिक संख्या मे पौधारोपण करने पर बल दिया। इस अवसर पर भाजपा एसटी मोर्चा मीडिया प्रभारी वासुदेव बरजोड ने कहा कि देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह के गोद लिए गांवो का स्वच्छता मे वरियता क्रम मे प्रमुख स्थान बनाना, यह गुप्ताजी द्वारा किए गए अथक परिश्रम का ही परिणाम है। गांव रूपाल मे गृहमंत्री शाह द्वारा गुप्ताजी का सम्मान पूरे डूंगरपुर जिले का सम्मान है। इस अवसर पर राष्ट्रीय हिन्दू युवा वाहिनी प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाटीदार, वार्ड पंच राजेश पाटीदार, एसटी युवा मोर्चा उपाध्यक्ष लालशंकर सरपोटा, शशिकांत श्रीमाली उपस्थित रहे।

# सीमलवाड़ा से मांडली सड़क पर बाईपास पर सीमेंट से भरा ट्रोला फसा, 14 घंटों तक बाधित रहा यातायात

**सीमलवाड़ा ।** सीमलवाड़ा मांडली मुख्य मार्ग सड़क नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है, वही शीथल घाटी के पास पुलिया निर्माण को लेकर यातायात आवाजाही के लिए बाईपास बना गया है, लेकिन यह बाईपास जी का जंजाल बन गया है। बीती रात 9 बजे सीमेंट से भरा एक ट्रोला बाईपास के मध्य फस गया जो कि 14 घंटे बाद दो जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया । ट्रोला फसने से पुलिया के दोनों और वाहनों की कतारें लग गई, यातायात पूरी तरह से प्रभावित हुआ। यह सड़क गुजरात सीमा को जोड़ती हैं, अहमदाबाद,मोडासा, हिम्मतनगर सहित शहरों से व्यापारिक दृष्टि से वाहनों की आवाजाही दिनभर लगी रहती है। पुलियों का कार्य अधूरा होने से वाहन संचालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सीमेंट से भरे ट्रोले के फसने एवं यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की सूचना पर एसडीएम महेश गगोरिया, डिप्टी रामेश्वर लाल चौहान के निर्देश पर थानाधिकारी रतन लाल ने एएसआई गोविंद सिंह, अरविंद कटारा, देवीलाल,जीतमल सहित पुलिस जाब्ते को मौके पर भेजा। दो जेसीबी की मदद से काफी मशक्कत के बाद फसे ट्रोले को बाहर निकाला। पूर्व सरपंच मानसिंह डामोर, पूर्व उप सरपंच रमेश पाटीदार सहित ने बताया कि बाईपास पर सीमेंट से भरे ट्रोले फसने की सूचना लोक निर्माण विभाग अधिकारियों को देने के बावजूद कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। पुलिस ने दो जेसीबी की मदद से फसे ट्रोले को बाहर निकलवाया।



ग्रामीणों ने बताया कि बाईपास रोड को सही नही बनाया गया है, नाले पर ही पाइप दल कर आवाजाही हो रही है, बारिश ज्यादा होने पर परेशानी बढ़ सकती है। फसे ट्रोले को बाहर निकालने के बाद सहायक अभियंता रतनलाल कलासुआ मौके पर पहुंचे ।

# ईद के जुलूस पर ड्रोन से चप्पे-चप्पे पर रहेगा पुलिस की नजर

**डूंगरपुर।** ईद उल जुहा के मौके पर मुस्लिम समाज द्वारा निकाले जाने वाले जुलूस के मार्ग में चप्पे-चप्पे पर पुलिस जाप्ता तैनात रहेगा। वहीं, ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जाएगी। रविवार को ईद उल जुहा के त्योहार को देखते हुए डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई।डीएसपी राकेश शर्मा और कोतवाली थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह सोलंकी सहित दोनों समुदाय के लोगो ने भाग लिया। लोगों ने शहर में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुझाव दिए। वहीं, डीएसपी राकेश शर्मा ने सीएलजी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों समुदाय के लोग आपसी सौहार्द ओर भाईचारा बनाए रखें। ईद उल जुहा का त्योहार शांतिपूर्वक मनाए। डीएसपी शर्मा ने कहा कि पुलिस सतर्क है और सोशल प्लेटफॉर्म सहित हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डीएसपी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ईद उल जुहा के मौके पर मुस्लिम समाज द्वारा निकाले जाने वाले जुलूस के मार्ग में चप्पे-चप्पे पर पुलिस जाप्ता तैनात रहेगा। वहीं, ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जाएगी। थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी ने दोनों समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि संदिग्ध लोगों की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि उन पर कार्रवाई की जा सके।

# गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में 104 जोड़ें हवन कुंड में आहुतियां देंगे, एक हजार लोगों का मंत्र दीक्षा संस्कार

**सागवाड़ा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गलियाकोट रोड पर श्री राम नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में 13 जुलाई को गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा। इसे लेकर शनिवार को प्रेस वार्ता हुई। गायत्री शक्ति पीठ मुख्य प्रबंध ट्रस्टी नारायणलाल पंड्या ने बताया कि शक्तिपीठ परिसर में गुरु पूर्णिमा पर्व को लेकर 12 जनवरी शाम 6 बजे से अखंड दीपक के सामने अखंड गायत्री जप होगा। वहीं 13 जनवरी को सुबह 8.30 बजे 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन होगा। इस बार एक हजार लोगों का मंत्र दीक्षा संस्कार होगा। इस दौरान गुरु पादुकाओं का पूजन किया जाएगा। बारिश का समय होने से शक्तिपीठ परिसर में दो वाटरप्रूफ विशाल डोम तैयार किए जा रहे है। गुरु पूर्णिमा पर्वपर एक गोष्ठी का आयोजन होगा। जिसमें गायत्री शक्तिपीठ कोटा के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी जीडी पटेल मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम के मुख्य यजमान भीलवाड़ा निवासी राजेंद्र झंवर होंगे। गायत्री परिवार के दीपक जोशी ने बताया कि यज्ञ के लिए शांतिकुंज हरिद्वार सेटोली आएगी। जिसमें टोली के नायक सुरेश के निर्देशन में यज्ञ होगा। एक बार में 104 जोड़ें हवन कुंड में आहुतियां देंगे। गोष्ठी के बाद गुरु पादुका पूजन होगा। जिसमें चार से पांच हजार लोगों के शामिल होने का अनुमान है। इसके बाद भंडारा प्रसाद होगा। जोशी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्वपर होनेवाले आयोजन के दौरान पुंसवन संस्कार, अन्न प्राशन संस्कार समेत विभिन्न संस्कार भी होंगे। ट्रस्टी वेलचंद पाटीदार ने बताया कि सापुतारा सेविशेष रूप से मंगाए गए पौधे भी लगाए जाएंगे। सहायक प्रबन्ध ट्रस्टी किशोर भट्ट ने आभार जताया। इस दौरान हरिमुख भट्ट, वासुदेव शर्मा समेत परिजन मौजूद थे।

# मानगढ़ धाम का शुद्धिकरण करने वाले बीटीपी नेता खुद की करें शुद्धि

**डूंगरपुर।** प्रदेश भाजपा महामंत्री और पूर्व मंत्री सुशील कटारा ने बीटीपी के नेताओं द्वारा मानगढ़ संदेश यात्रा और मानगढ़ धाम पर दिए बयान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा की मानगढ़ धाम की शुद्धि की बात करने वाले बीटीपी नेताओं को पहले खुद की शुद्धि की जरूरत है। उन्होंने बीटीपी नेताओं पर आदिवासी समाज और युवाओं को गुमराह करने के भी आरोप लगाए हैं। प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा व नगरपरिषद के सभापति अमृत कलासुआ ने कहा की जनजाति समाज की ओर से 3 जुलाई को बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम तक डूंगरपुर से मानगढ़ संदेश यात्रा निकाली गई थी। आदिवासी समाज की ओर से निकाली गई मानगढ़ संदेश यात्रा में साधु-संतों के सान्निध्य में आदिवासी समाज में नशा नहीं करने की शपथ ली। उस कार्यक्रम को लेकर बीटीपी व उनसे सम्बन्ध रखने वाले कई संगठनों के नेताओं ने मानगढ़ धाम को अपवित्र करने व हिन्दू संस्कृति को लेकर सोशल मीडिया पर बयान जारी करने के साथ मानगढ़ धाम का शुद्धिकरण करने का बयान जारी किया। सोश्यल मीडिया पर आए बयान की प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा व नगरपरिषद के सभापति अमृत कलासुआ ने निंदा की है।

वहीं, बीटीपी व उनसे सम्बन्ध रखने वाले संगठनों के नेताओं पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा की मानगढ़ धाम पर हुआ कार्यक्रम कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था बल्कि आदिवासी समाज व साधु-संतों का कार्यक्रम था। बीटीपी नेताओं का बयान उनकी गंदी मानसिकता को दिखाता है। उन्होंने कहा मानगढ़ धाम का शुद्धिकरण करने की जरूरत नहीं, बल्कि बीटीपी नेताओं को खुद का शुद्धिकरण करने की जरूरत है। बीटीपी पर आरोप लगाते हुए कहा की बीटीपी के नेता अपनी राजनीतिक फायदे के लिए प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में धर्म व जाति के नाम पर आदिवासी समाज व युवाओं को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। ऐसे लोग समाज को बांटने का काम कर रहे हैं।